S. O. 4792.—In exercise of the powers conferred by sub-sect[on (1) of Section 121 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes, hereby makes the following amendments to the Schedule appended to its Notification No. 679 [F. No. 187/2/74-IT (AI)] dated the 20th July, 1974, as amended from time to time.

1. Existing entries under Columns (1), (2) and (3) against Sl. No. 20 shall be substituted by the following entries:—

Income tax Commissioner column-1	Headquarters column-2	Jurisdiction column-3
20. Commissioner of Income-tax, Jaipur.	JAIPUR	(1) Jaipur including:— (a) All wards at Jaipur. (b) All Central Circles at Jaipur. (c) All Company Circles at Jaipur. (d) All Survey Circles at Jaipur. (e) All Salary Circles at Jaipur. (2) Bharatpur (3) Alwar (4) Sikar (5) Jhunjhunu

1	2	3
		(6) Chief Auditor & I. T. O. (Internal Audit), Jaipur. (7) Kota (8) Jhalawar (9) Bundi (10) Sawaimadhopur (11) All TROs at Jaipur and Kota (12) Asst. Controller of Estate Duty-cum-IT Circle, Jaipur.
Commissioner of Income-tax, Jodhpur.	JODHPUR	(1) Jodhpur including:— (a) All Central Circles at Jodhpur. (b) All wards at Jodhpur. (c) All Survey Circles at Jodhpur. (2) Pali (3) Jalore (4) Sirohi (5) Barmer (6) Ajmer (7) Beawar (8) Bhilwara (9) Chittorgarh (10) Udaipur (11) Bikaner (12) Sriganganagar (13) Hanumangarh (14) Nagaur (15) Churu (16) All TROs at Ajmer, Bikaner & Jodhpur.

This notification shall take effect from 18-10-1976.

EXPLANATORY NOTE : This Notification has been issued on account of the change of Headquarters of the Commissioner of Income-tax, Rajasthan-II from Jaipur to Jodhpur. This does not form part of notification but is intended to be merely clarifactory.

[No. 1517/F. No. 191/35/76-IT(AI)]

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर, 1976

आय-कर

का० आ० 4793.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आय कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 126 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना सं० 1 (फा० सं० 55/233/63 आई०टी०) तारीख 18-5-64 से उपाबद्ध अनसूची में निम्नलिखित संशोधन करता है—

विद्यमान क्रम सं० 12(क) और (ख) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

1	2	3	4	5	6
12(क)	महाराष्ट्र राज्य के बृहत्तर मुम्बई जिला की सीमाओं में निवास करने वाले या कारबार, वृत्ति अथवा व्यवसाय करने वाले सभी व्यक्ति जिनकी आय मुख्यतः चलचित्रों के उत्पादन, वितरण, प्रचार और प्रदर्शन, स्टुडियों या प्रयोगशाला के स्वामित्व या चलचित्र संबन्धी माल और मशीनरी के प्रदाय से व्युत्पन्न होती है या जो सिनेमा या फिल्म कलाकार, फिल्मों के निदेशक, सिनेमा-पार्श्वगायक, फिल्म संपादक फिल्म कैमरामैन, चलचित्र कला और नृत्य निदेशक, सिने-संगीतकार सिनेसंगीत निदेशक तथा फिल्म वित्तदाता है (फिल्म वित्तदाता से ऐसे व्यक्ति से तात्पर्य है जिसकी आय पूर्णतः या मुख्यतः फिल्मों के उत्पादन या वितरण में वित्त लगाने से व्युत्पन्न होती है)	आयकर अधिकारी, फिल्म सर्किल मुम्बई	आयकर आयुक्त (अपील), फिल्म रेंज, मुम्बई	सहायक आयकर आयुक्त (अपील), जिसमें स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट आयकर अधिकारी के विनिश्चयों के विरुद्ध अपील सुनने की शक्तियां निहित की गई हैं	आयकर आयुक्त, मुम्बई सिटी 1, मुम्बई
(ख)	महाराष्ट्र राज्य के बृहत्तर मुम्बई जिला की सीमाओं के भीतर निवास करने वाले या कारबार, वृत्ति या व्यवसाय करने वाले सभी व्यक्ति जो ऊपर (क) के अनुसार फिल्म सर्किल, मुम्बई के अधीन निर्धारित फर्मों के भागीदार हैं।	आयकर अधिकारी, फिल्म सर्किल, मुम्बई	आयकर आयुक्त, (अपील), फिल्म रेंज, मुम्बई	सहायक आयकर आयुक्त (अपील), स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट आयकर अधिकारी के विनिश्चयों के विरुद्ध अपील सुनने की शक्तियां निहित की गई हैं	आयकर आयुक्त, मुम्बई सिटी 1, मुम्बई

यह अधिसूचना 1-11-1976 से प्रभावी होगी।

[सं० 1530/फा० सं० 187/5/76-आई० टी० (ए I)]

New Delhi, the 19th October, 1976

INCOME TAX

S.O. 4793.—In exercise of the powers conferred by Section 126 of the I.T. Act, 1961 (43 of 1961) the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following amendments to the Schedule annexed to its Notification No. 1 (F. No. 55/233/63-IT), dated 18-5-64.

The existing Serial No. 12(a) and (b) will be substituted as under:—

1	2	3	4	5	6
12(a)	All persons residing or carrying on business, profession or vocation within the limits of Greater Bombay District of Maharashtra State, whose income is mainly derived from production, distribution, publicity or exhibition of movie films; ownership of studios or laboratories or supply of cinematographic goods & machinery; or who are cine & film artists, film directors, cine-play-back singers, film editors, film cameramen, movie-art and dance directors, cine-musicians, cine-music directors, and film financiers ("film financier" refers only to a person whose income is wholly or mainly derived from the business of financing the production or distribution of films).	ITO, Film Circle, Bombay	IAC of I.T. Film Range, Bombay.	AAC of I.T. who has been invested with powers to hear appeals against the decision of the I.T.O. referred to in col. 3.	Commissioner of I.T., Bombay City-I, Bombay.
(b)	All persons residing or carrying on business, profession or vocation within the limits of Greater Bombay District of Maharashtra State, who are partners of firms assessed in Film Circle, Bombay by virtue of (a) above.	ITO, Film Circle, Bombay.	IAC of I.T. Film Range, Bombay.	AAC of IT who has been invested with powers to hear appeals against the decision of the I.T.O. referred to in col.3.	Commissioner of Income Tax, Bombay City-I, Bombay.

This notification shall take effect from 1-11-1976.

[No. 1530/F. No./187/5/76-IT (AI)]

नई दिल्ली, 25 अक्तूबर, 1976

(आय-कर)

शुद्धिपत्र

का० आ० 4794.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड समय-समय पर यथासंशोधित अपनी अधिसूचना सं० 679 [फा० सं० 187/2/74-आई टी (एआई)] तारीख 20-7-74 की क्रम सं० 18-क के सामने स्तम्भ I के नीचे निम्नलिखित संशोधन करता है।

"हरयाणा" के स्थान पर

"हरयाणा और चण्डीगढ़" पढ़ें।

[सं० 1537/फा० सं० 191/24/76 आई टी (ए आई)]

New Delhi, the 25th October, 1976

(INCOME-TAX)

CORRIGENDUM

S.O. 4794.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 121 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following amendment against Sl. No. 18-A under column-1 of its Notification No. 679 [F. No. 187/2/74-IT(AI)] dated 20-7-74, as amended from time to time.

FOR—"Haryana"

READ—"Haryana and Chandigarh".

[No. 1537/F. No. 191/24/76-IT(AI)]

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर, 1976

का०आ० 4795.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 126 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समय-समय पर यथासंशोधित अपनी अधिसूचना सं० 1 (फा० सं० 55/233/63–आई०टी०) तारीख 18 मई, 1964 से उपाबद्ध अनुसूची में, आय-कर अधिकारी, बीमा अभिकर्ता सर्किल, क-वार्ड, कलकत्ता और आय-कर अधिकारी, बीमा अभिकर्ता सर्किल, ख-वार्ड, कलकत्ता से संबन्धित विद्यमान प्रविष्टियों का लोप करता है और उक्त अनुसूची में निम्नलिखित प्रविष्टि जोड़ता है :—

1	2	3	4	5	6
85.	कलकत्ता शहर हावड़ा तथा 24 परगना के सिविल जिलों के भीतर के सभी व्यक्ति जिनकी आय में, बीमा कारबार (जिसमें बीमा-पालिसियों के चलाने नवीकरण या पुनः प्रवर्तन से सम्बद्ध कारबार सम्मिलित है) उपार्जन करने या उसकी याचना करने के लिए कमीशन या अन्य रूप में पारिश्रमिक या इनाम हो, उनसे भिन्न जो, वेतनों (और केन्द्रीय वेतन सर्किल, रेल और प्रकीर्ण वेतन सर्किल, जिला III-क और जिला V-क, कलकत्ता में किसी भी आयकर अधिकारी द्वारा निर्धारणयोग्य है) या (ii) कारबार और/या बीमा अभिकर्ता के रूप में से भिन्न वृत्ति, से भी आय व्युत्पन्न करते हैं ।	आयकर अधिकारी, बीमा अभिकर्ता सर्किल, कलकत्ता ।	सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण) जिसमें बीमा अभिकर्ता सर्किल कलकत्ता की बाबत सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण) के कृत्यों का पालन करने की शक्तियां विहित हैं ।	सहायक आयकर आयुक्त (अपीली) जिसमें, स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट आयकर अधिकारी के विनिश्चयों के विरुद्ध अपीलें सुनने की शक्तियां ।	आयकर आयुक्त जिसमें स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट आयकर अधिकारी पर अधिकारिता निहित है ।

यह अधिसूचना 15-11-1976 से प्रभावी होगी ।

[सं० 1541/फा० सं० 187/8/76–आई० टी० (ए–I)]
एम० शास्त्री, अवर सचिव

New Delhi, the 27th October, 1976

S.O. 4795.—In exercise of the powers conferred by Section 126 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes hereby deletes the existing entries relating to the Income-tax Officer, Insurance Agents Circle, A-Ward, Calcutta and Income-tax Officer, Insurance Agents Circle, B-Ward, Calcutta in the Schedule annexed to its Notification No.I (F.No. 55/233/63-IT) dated the 18th May, 1964 as amended from time to time and adds the following entry in the said schedule :—

1	2	3	4	5	6
Sl. No. 85	All persons within the city of Calcutta and the Civil District of Howrah and 24-Parganas with income by way of remuneration or reward whether by way of commission or otherwise, for soliciting or procuring Insurance business (including business relating to the continuance, renewal or revival of Policies of Insurance), other than those who derive income also from (i) salaries (and are assessable by any of the Income-tax Officers in Central Salaries Circle, Railways and Miscellaneous Salaries Circle, Distt. III-A, and Dist. V-A, Calcutta) or (ii) business and /or profession other than as an Insurance Agent.	Income-tax Officer, Insurance Agents Circle, Calcutta.	Inspecting Assistant Commissioner of Income-tax who has been vested with the powers to perform the functions of an Inspecting Assistant Commissioner of Income-tax in respect of Insurance Agents Circle, Calcutta.	Appellate Assistant Commissioner of Income tax who has been vested with the powers to hear appeals against the decisions of the Income-tax Officer referred to in Col. 3.	Commissioner of Income-tax who has been vested with the jurisdiction over the Income-tax Officer referred to in Col. 3.

This notification shall take effect from 15-11-1976.

[No. 1541/F.No. 187/8/76-IT(AD)]
M. SHASTRI, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर, 1976

का०आ०4796.—केन्द्रीय सरकार की राय है कि निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि बीज-रहित इमली का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव तथार किए हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम, II के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है;

अतः, अब, उक्त उप-नियम के अनुसरण को, केन्द्रीय सरकार उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है।

सूचना दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव देना चाहे, तो वह उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर, निर्यात निरीक्षण परिषद्, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' 14/1 बी एझरा स्ट्रीट (सातवीं मंजिल), कलकत्ता-700001 को भेज सकता है।

प्रस्ताव

(1) अधिसूचित करना कि बीज रहित इमली का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा।

(2) इस आदेश के उपाबन्ध 1 में दिए गए, बीज रहित इमली के निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 के प्रारूप के अनुसार, निरीक्षण के प्रकार को क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के उस प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व ऐसी बीज रहित इमली पर लागू होगा,

(3) इस आदेश के उपबंध 2 में दिए गए विनिर्देशों को, बीज रहित इमली के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना,

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान बीज रहित इमली के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि ऐसी बीज रहित इमली के पैकेटों या डिब्बों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त, इस आशय का चिन्ह या सील न लगा हो या चिपकाया गया हो कि यह इमली उसे लागू होने वाले मानक विनिर्देशों के अनुरूप है, तथा उसके साथ उसके निर्यात योग्य होने के प्रमाणस्वरूप भारत सरकार के कृषि विपणन सलाहकार, विपणन और निरीक्षण निदेशालय या उसके द्वारा इसके लिए प्राधिकृत उस निदेशालय के किसी और अधिकारी द्वारा जारी किया गया श्रेणीकरण का प्रमाण पत्र न हो।

3. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को जलमार्ग, भू मार्ग या वायु मार्ग से निर्यात किए गए बीज रहित इमली के उन नमूनों पर लागू नहीं होगी जिनका मूल्य बीस रुपए से अधिक नहीं हो।

4. इस आदेश में "बीज रहित इमली" से इमली के पेड़ (टैमेरिंडस इंडीकस) के पके फलों से सर्व प्रथम उसके छिलके को, इसके पश्चात् गूदे तथा बीजों को ढकने वाली रेशेदार जाली को उतार कर, प्राप्त इमली का गूदा अभिप्रेत है।

उपाबंध 1

[निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अन्तर्गत बनाए जाने वाले प्रस्थापित नियमों का प्रारूप]

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ—इन नियमों का नाम बीज रहित इमली का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 है।

2. परिभाषाएं : इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "कृषि विपणन सलाहकार" से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत है;

(ख) "निरीक्षण अधिकारी" से बीज रहित इमली के निरीक्षण के लिए कृषि विपणन सलाहकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी अभिप्रेत है;

(ग) "प्राधिकृत पैकर" से वह व्यक्ति या व्यक्ति-समूह अभिप्रेत है, जिसे निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 6 के अन्तर्गत के केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य तथा कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण तथा चिन्हन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) की धारा 3 के अन्तर्गत जारी किए गए बीज रहित इमली श्रेणीकरण तथा चिन्हन नियम, 1971 में विहित मानक विनिर्देशों के अनुसार बीज रहित इमली का श्रेणीकरण तथा चिन्हन करने के लिए कृषि विपणन सलाहकार द्वारा प्राधिकरण का प्रमाण-पत्र दिया गया है,

(घ) "प्राधिकरण प्रमाण-पत्र" से कृषि विपणन सलाहकार या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा, "बीज रहित इमली" श्रेणीकरण तथा चिन्हन नियम, 1975 के अनुसार बीज रहित इमली के श्रेणीकरण के इच्छुक प्राधिकृत पैकर को जारी किया गया प्रमाण-पत्र अभिप्रेत है।

(ङ) "बीज रहित इमली" से इमली के पेड़ (टेमरिंडस इंडीकस) के पके फलों से सर्व प्रथम उसके छिलके को, इसके पश्चात, गूदे तथा बीजों को ढकने वाली रेशेदार जाली को उतार कर प्राप्त इमली का गूदा अभिप्रेत है।

3. निरीक्षण का आधार—बीज रहित इमली का निरीक्षण यह देखने के लिए किया जाएगा कि बीज रहित इमली निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य तथा कृषि उत्पादन (श्रेणीकरण तथा चिन्हन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) की धारा 3 के अन्तर्गत जारी किए गए बीज रहित इमली श्रेणीकरण तथा चिन्हन नियम, 1971 में विहित विनिर्देशों के अनुरूप है।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया—(1) निर्यात के लिए तैयार बीज रहित इमली कृषि विपणन सलाहकार द्वारा या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार प्राधिकृत पैकर द्वारा श्रेणीबद्ध तथा पैक की जाएगी।

(2) प्राधिकृत पैकर इस बात का उत्तरदायी होगा कि वह बीज रहित इमली के विनिर्माण तथा नमूना लेने का तथा परीक्षण के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने का ऐसा प्रबन्ध करें जो कृषि विपणन सलाहकार द्वारा विहित किया जाए।

(3) विनिर्माण तथा पैक करने के लिए प्रयुक्त परिसर स्वास्थ्य तथा सफाई संबंधी मानकों की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। कर्मचारी को कोई संक्रामक बीमारी नहीं होनी चाहिए।

(4) बीज रहित इमली के श्रेणीकृत तथा लेबल लगे परेषण का निर्यात करने का इच्छुक प्राधिकृत पैकर श्रेणीकरण प्रमाण-पत्र के लिए पास ही के निरीक्षण अधिकारी को नियम 3 के अनुसार कृषि विपणन सलाहकार द्वारा निर्धारित विवरणों के लिखित आवेदन करेगा जिससे कि वह श्रेणीकरण प्रमाण-पत्र दे सके ।

(5) उप-नियम (4) के अन्तर्गत प्रत्येक सूचना बम्बई, कलकत्ता मद्रास, कोचीन, तूतीकोरीन तथा नागपत्तिनम शहरों की बन्दरगाहों पर जारी किए जाने वाले प्रमाण-पत्रों के लिए कम से कम दो दिन पूर्व, तथा अन्य स्थानों पर प्रमाण-पत्र जारी किए जाने के लिए कम से कम तीन दिन पूर्व, दी जाएगी ।

(6) उप-नियम, (4) में निर्दिष्ट सूचना के प्राप्त होने पर, निरीक्षण अधिकारी बीज रहित इमली के परेषण (परेषणों) का निरीक्षण, कृषि विपणन सलाहकार द्वारा या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए निदेशों के अनुसार यह देखने के विचार से करेगा कि वह नियम 3 में निर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप है ।

(7) यदि निरीक्षण अधिकारी का समाधान हो जाता है कि परेषण नियम 3 में निर्दिष्ट मान्य विनिर्देशों के अनुरूप है तो वह बीज रहित इमली के डिब्बों पर कृषि विपणन सलाहकार द्वारा जारी किए गए निदेशों के अनुसार एग्मार्क लेबल जारी करेगा और उन्हें कंटेनरों पर चिपकवा देगा । घटिया परेषणों के संबंध में वह एग्मार्क लेबल जारी करने से इंकार कर सकता है और पैकर को लिखित रूप में कारणों सहित वास्तविकता से अवगत कराएगा ।

(8) यदि ऐसे बीज रहित इमली के परेषणों के जांच नमूने लेने तथा जांच नमूनों का परीक्षण करने के पश्चात् निरीक्षण अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि जो श्रेणी दी गई हैं वह मान्य विनिर्देशों के अनुसार हैं तो वह उस परेषण (परेषणों) के संबंध में श्रेणीकरण प्रमाण-पत्र दे देगा ।

(9) यदि निरीक्षण अधिकारी का यह समाधान नहीं हुआ है कि परेषण का श्रेणीकरण मान्य नियमों के अनुसार हुआ है तो वह प्राधिकृत पैकर को दस दिनों के भीतर इस तथ्य की लिखित रूप में, उसके कारणों सहित, संसूचित करेगा ।

5. निरीक्षण का स्थान—इन नियमों के प्रयोजन के लिए पहला निरीक्षण प्राधिकृत परिसर पर किया जाएगा तथा जांच-निरीक्षण निर्यात से पूर्व किसी भी स्थान पर किया जा सकता है ।

6. एग्मार्क लेबलों के मूल्यों का भुगतान—प्राधिकृत पैकर, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित एग्मार्क लेबल मूल्यों का भुगतान कृषि विपणन सलाहकार द्वारा विहित नीति से करेगा ।

7. अपील—(1) यदि प्राधिकृत पैकर क्षेत्रीय प्रयोगशाला के विश्लेषणात्मक परिणामों से संतुष्ट नहीं है तो वह संबंधित क्षेत्रीय वरिष्ठ विपणन अधिकारी से परेषण के पुनः परीक्षण की व्यवस्था करने के लिए लिखित रूप में प्रार्थना कर सकता है । उसके लिए जांच-नमूना लिया जाएगा तथा पैकर को विश्लेषी का परिणाम बता दिया जाएगा ।

(2) अगर उस पर भी प्राधिकृत पैकर जांच नमूना लेने से संतुष्ट नहीं है तो वह भारत सरकार के कृषि विपणन सलाहकार, नव सचिवालय भवन, नागपुर के विश्लेषण की व्यवस्था करने के लिए लिखित रूप में निवेदन कर सकता है । ऐसी दशा से प्राधिकृत पैकर को लिखित रूप में यह वचन देना होगा कि यदि क्षेत्रीय प्रयोगशाला के पहले वाले निष्कर्ष सही पाए जाते हैं तो वह 50 रु० देगा । ऐसा निवेदन किए जाने तथा आश्वासन प्राप्त होने पर परेषण में से नया जांच-नमूना लेने की व्यवस्था की जाएगी तथा उसे कृषि विपणन सलाहकार द्वारा निश्चित की गई प्रयोगशाला में भेज दिया जाएगा और इसका विश्लेषणात्मक परिणाम प्राधिकृत पैकर को यथा संभव शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा और वही अन्तिम माना जाएगा ।

उपाबंध 2

बीज रहित इमली के लिए विनिर्देश

श्रेणी पदनाम	रंग	विशिष्ट विशेषताएं			सामान्य विशेषताएं
		आर्द्रता (भार के आधार पर प्रतिशत)	सहयता की अधिकतम सीमा बीज का अंश (भार के आधार पर प्रतिशत)	गूदे तथा रेशेवार जाली को सम्मिलित करते हुए बाह्य पदार्थ (भार के आधार पर प्रतिशत)	
1	2	3	4	5	6
विशिष्ट . .	हल्का लाल	15.00	3.0	1.5	(1) इमली के पेड़ (टेमरिंडस इनडीकस) के परिपक्व फलों से सर्व प्रथम छिलके को, इसके पश्चात् गूदे तथा बीजों को ढकने वाली रेशेवार जाली को उतार कर प्राप्त किया गया इमली का गूदा होगा ।
बढ़िया . .	लाल आभा लिए हुए भूरा	17.00	5.0	3.0	(2) गूदा भली प्रकार सुखा लिया जाएगा तथा उसे टिक्की के रूप में बना दिया जाएगा ।
अच्छा . . .	गहरे भूरे से हल्का काला	19.00	8.0	5.5	(3) गूदा कीड़ों के उत्पीड़न से मुक्त या जीवित कीड़ों रहित होगा ।

1	2	3	4	5	6
औसत . . .	काला	22.00	10.0	6.0	(4) केक का रंग एक समान होगा।
अविनिर्दिष्ट .	—	—	—	—	(5) गूदे की एक विशिष्ट स्वाद तथा सुगंध होगी तथा उसमें कैसी भी अप्रिय गंध नहीं होगी।

नोट :—अविनिर्दिष्ट श्रेणी के अन्तर्गत पैकिंग की अनुमति केवल विदेशी क्रेता के विशिष्ट आदेश के आधार पर ही दी जाएगी। ऐसे आदेश में वांछित उत्पाद की मात्रा तथा क्वालिटी दी जानी चाहिए।

[सं० 6 (17)/76/नि०नि०तथा नि०उ०]
के० वी० बालसुब्रह्मण्यम्, उप-निदेशक

MINISTRY OF COMMERCE

ORDER

New Delhi, the 25th December, 1976

S.O. 4796.—Whereas in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government is of opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India that seedless tamarind should be subject to quality control and inspection prior to export :

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council, as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964 :

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, the Central Government hereby publishes the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the said proposals may forward the same within forty-five days of the date of publication of this order in the Official Gazette to the Export Inspection Council, 'World Trade Centre', 14/IB, Ezra Street (7th Floor), Calcutta-700001.

PROPOSALS

(1) To notify that seedless tamarind shall be subject to quality control and inspection prior to export :

(2) to specify the type of inspection in accordance with the draft export of seedless Tamarind (Inspection) Rules, 1976, set out in the Annexure-I to this Order as the type of quality control and Inspection which shall apply to such seedless tamarind prior to export :

(3) to recognise the specifications as set out in Annexure II to this order as the standard specifications for seedless tamarind :

(4) to prohibit the export in the course of international trade of seedless tamarind, unless a mark or seal recognised by the Central Government as indicating that it conforms to the standard specifications applicable to it has been affixed or applied to packages or containers of such seedless tamarind, and is accompanied by a certificate of grading issued by the Agricultural Marketing Adviser to the Government of India, Directorate of Marketing and Inspection or any other officer of that Directorate, authorised by him in this behalf, in token of its portworthiness.

3. Nothing in this order shall apply to export by sea, land or air of samples of seedless tamarind not exceeding in value of rupees twenty to prospective buyers.

4. In this order, "seedless tamarind" means the tamarind pulp obtained from the mature fruits of tamarindus indicus by removing first the rind, then the fibrous skelton enclosing the pulp and the seeds.

ANNEXURE-I

[Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963] (22 of 1963)]

In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules, namely :—

1. Short title and commencement.—These rules may be called the Export of seedless tamarind (Inspection) Rules, 1976.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) "Agricultural Marketing Adviser" means the Agricultural Marketing Adviser to the Government of India ;

(b) "Inspecting Officer" means the officer authorised by the Agricultural Marketing Adviser for inspection of seedless tamarind ;

(c) "Authorised packer" means a person or a body of persons who has been granted a Certificate of Authorisation by the Agricultural Marketing Adviser for getting seedless tamarind graded and marked in accordance with the standard specifications prescribed in the Seedless Tamarind (Grading and Marking) Rules, 1971, issued under sceiton 3 of the Agricultural produce (Grading and Marking) Act, 1937 (1 of 1937) and recognised by the Central Government under section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963.) :

(d) "Certificate of Authorisation" means the certificate by the Agricultural Marketing Adviser or any other officer authorised by him in this behalf, to an authorised packer desirous of grading seedless tamarind as per "Seedless Tamarind" Grading and Marking Rules, 1975.

(e) "Seedless Tamarind" means the tamarind pulp obtained from mature fruits of tamarindus indicus by removing first the rind, then the fibrous skelton enclosing the pulp and the seeds.

3. Bases of inspection-Inspection of seedless tamarind shall be carried out with a view to seeing that seedless tamarind conforms to the specifications prescribed in the Seedless Tamarind Grading and Marking Rules, 1971, issued under section 3 of the Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937 (1 of 1937) and recognised by the Central Government under section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

4. *Procedure of inspection.*—(1) Seedless tamarind meant for export shall be graded and packed by the Authorised packer in accordance with the instructions issued by the Agricultural Marketing Adviser or any other Officer authorised by him in this behalf. For this purpose, the authorised packer shall obtain the Certificate of Authorisation from the Agricultural Marketing Adviser.

(2) It shall be the responsibility of the Authorised Packer to make such arrangements for manufacturing and sampling of seedless tamarind and also provide requisite facilities for testing etc. as may be prescribed by the Agricultural Marketing Adviser.

(3) The manufacturing and packing premises shall satisfy the requirements of sanitary and hygienic standards. The workers shall be free from contagious diseases.

(4) An authorised packer intending to export the graded and labelled consignment of seedless tamarind shall apply to the nearest inspecting Officer for the certificate of Grading in writing, alongwith such details as prescribed by the Agricultural Marketing Adviser in accordance with rule 3 to enable him to issue a Certificate of Grading.

(5) Every intimation under sub-rule (4) shall be given not less than 2 days before the Certificate is to be issued at the port towns of Bombay, Calcutta, Madras, Cochin, Tuticorin and Nagapattinam and not less than 3 days before the certificate is to be issued at other places.

(6) On receipt of the intimation referred to in sub-rule (4), the Inspecting Officer shall inspect the consignment(s) of seedless tamarind as per the instructions issued by the Agricultural Marketing Adviser or any other Officer authorised by him in this behalf, with a view to seeing that the same complies with the requirements of the recognised specification referred to in rule 3.

(7) The Inspecting Officer shall issue Agmark labels affixing the same on the containers of seedless tamarind as per instructions issued by the Agricultural Marketing Adviser in case he is satisfied that the consignment is as per recognised specifications referred to in rule 3. In case of sub-standard consignments he may refuse to issue Agmark labels and convey the fact in writing to the packer alongwith reasons.

(8) If after check-sampling of the consignments of such seedless tamarind and after examination of the check-sample, the Inspecting Officer is satisfied that the Grade assigned is as per recognised specifications he shall issue a certificate of grading in respect of that consignment(s).

(9) In case the Inspecting Officer is not satisfied that the consignment is graded as per recognised rules, he shall intimate the fact in writing to the authorised packer within ten days alongwith the reasons thereof.

5. Place of inspection.—Initial inspection for the purpose of these rules shall be carried out at the authorised premises and check-inspection can be done at any point before export.

6. Payment of charges for Agmark labels.—The authorised packer shall pay the Agmark label charges which are notified by the Government of India from time to time, in the manner prescribed by the Agricultural Marketing Adviser.

7. **Appeal**

(1) If the authorised packer is not satisfied with the analytical results of the Regional Laboratory, he shall be entitled to request the Regional Senior Marketing Officer concerned, in writing to arrange for the re-examination of the consignment. A check-sample shall, therefore, be drawn and the result of analysis made known to the packer.

(2) If the authorised packer is still not satisfied with check-sampling, he may request the Agricultural Marketing Adviser to the Govt. of India, New Secretariat Building, Nagpur, in writing to arrange for analysis. The authorised packer, in such cases, shall give an undertaking in writing to the effect to pay Rs. 50/- if the initial findings of the Regional Laboratory are proved to be in order. On receipt of the request and undertaking, arrangements may be made to draw a fresh check-sample from the consignments and send the same to such a Laboratory as may be decided by the Agricultural Marketing Adviser and the analytical report shall be made available to the authorised packer as early as possible and the same be taken as final.

ANNEXURE II

Specifications for seedless Tamarind

Grade Designation	Colour	Special characteristics			General, characteristics.
		Maximum limits of Tolerance			
		Moisture (percentage by weight)	Seed content (percentage by weight)	Foreign matter including fibre-strand and rind (Percentage by weight)	
1	2	3	4	5	6
SPECIAL	Light Red	15.00	3.0	1.5	(i) The tamarind pulp shall have been obtained from the mature fruits of Tamarindus indica, by removing first the rind and then the fibrous skeleton enclosnig the pulp and the seeds.
GOOD	Red tinged brown	17.00	5.0	3.0	(ii) The pulp shall be well dried and compressed into cakes.

1	2	3	4	5	6
FAIR	Dark Brown to Light Black	19.00	8.0	4.5	(iii) The pulp shall be free from insect infestation or live insects.
AVERAGE	Black	22.00	10.0	6.0	(iv) The colour of the cake shall be uniform.
NON-SPECIALISED	..	..	..	..	(v) The pulp shall have the characteristics taste and flavour and shall be free from any obnoxious odour.

NOTE : Packing under Non-specified Grade shall be allowed only against a specific order from the foreign buyer indicating the quantity and quality of the produce desired.

[No. 6(17)/76/EI&EP]
K. V. BALASUBRAMANIAM, Dy. Director

मुख्य-नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय

आदेश

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 1976

का० आ० 4797.—सर्वश्री इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि०, नई दिल्ली को सामान्य मुद्रा क्षेत्र से 4,67,100 रुपए मात्र के लिए फ्यूल कोकर आदि के लिए फालतू पुर्जों का आयात करने के लिए आयात लाइसेंस संख्या आई/ए/1392031/सी/एक्स एक्स/54/एच/39-40 दिनांक 16-1-75 प्रदान किया गया था । उन्होंने उपर्युक्त आयात लाइसेंस की एक अनुलिपि सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति पंजीकृत कराए बिना और उपयोग में लाए बिना ही खो गई है । इसके समर्थन में आवेदक ने एक शपथ पत्र दाखिल किया है । मैं सन्तुष्ट हूं कि आयात लाइसेंस की मूल सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति खो गई है और आवेदक को उसकी अनुलिपि प्रति जारी की जानी चाहिए ।

2. समय समय पर यथा संशोधित आयात व्यापार (नियन्त्रण) आदेश सं० 17/55 दिनांक 7-12-1955 की धारा 9 (सीसी) के अन्तर्गत मेरे लिए प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी सर्वश्री इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, नई दिल्ली को सामान्य मुद्रा क्षेत्र से 4,67,100 रुपए मात्र के लिए फ्यूल कोकर आदि के पुर्जों का आयात करने के लिए जारी किए गए आयात लाइसेंस सं० आई/ए/1392031/सी/एक्स एक्स/54/एच/39-40 दिनांक 16-1-75 की सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति को आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची 65/5 के अन्तर्गत रद्द करता है ।

[संख्या 27-28.I/आयलको/74-75/जीएलएस/931]
एल० प्रशाद, उपमुख्य नियन्त्रक
कृते मुख्य नियन्त्रक

Office of the Chief Controller of Imports and Exports

ORDER

New Delhi, the 4th December, 1976

S.O. 4797.—M/s. Indian Oil Corporation Ltd., New Delhi were granted an Import Licence No. I/A/1392031/C/XX/54/H/39-40 dated 16-1-75 for Rs. 4,67,100 only for import of spare parts for fuel coker etc. from G.C.A. They have applied for the issue of a duplicate Customs Purpose Copy of import licence mentioned above on the ground that the original Customs Purpose Copy has been lost without having been registered and without being utilised. In support of this, the applicant has filed an affidavit. I am satisfied that the original Customs Purpose Copy of import licence mentioned above has been lost and that duplicate copy thereof should be issued to the applicant.

2. In exercise of powers conferred on me under Clause 9 (cc) of the Import Trade (Control) Order No. 17/55 dated 7-12-1955 as amended from time to time, the undersigned cancels the Customs Purpose Copy of Import Licence No. I/A71392031/C/XX/54/H/39-40 dated 16-1-75 for Rs. 4,67,100 only for the import of spare parts for fuel coker etc. from G.C.A. under ITC Schedule 65/V issued in favour of M/s. Indian Oil Corporation Ltd., New Delhi.

[No. 27-28.1/Oilco/74-75/GLS/931]
L. PRASAD, Dy. Chief Controller
for Chief Controller

आदेश

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 1976

का० आ० 4798.—सर्वश्री बंगाल टूल्स लि०, 251/1 नगेन्द्र नाथ रोड़, दमदम, कलकत्ता को कच्चे माल तथा संघटकों का आयात करने के लिए 1,00,000 रुपए के लिए आयात लाइसेंस सं० पी/डी/2201199, दिनांक 7-8-75 प्रदान किया गया था ।

2. पार्टी ने उक्त आयात लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण तथा सीमाशुल्क प्रयोजन प्रतियों की अनुलिपि प्रतियां जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि दोनों मूल प्रतियां उपयोग में लाए बिना और सीमाशुल्क सदन, कलकत्ता के पास पंजीकृत कराए बिना ही खो गई हैं ।

3. अपने तर्क के समर्थन में आवेदक ने आयात व्यापार नियंत्रण नियम तथा क्रियाविधि पुस्तक, 1976-77 के पैरा 320 के अन्तर्गत एक शपथ-पत्र दाखिल किया है । अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि आयात लाइसेंस सं० पी/डी/2201199, दिनांक 7-8-75 की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण और सीमा शुल्क प्रयोजन प्रतियां खो गई हैं तथा निदेश देता है कि आवेदक को मुद्रा विनिमय नियंत्रण तथा सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति की अनुलिपि प्रतियां जारी की जानी चाहिए । लाइसेंस की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण तथा सीमा शुल्क प्रयोजन प्रतियां मिल जाने पर, इस कार्यालय को रद्द करने के लिए लौटा दी जाएंगी ।

4. आयात लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण तथा सीमा शुल्क प्रयोजन प्रतियों की अनुलिपि प्रतियां अलग से जारी की जा रही हैं ।

[संख्या टूल्स/56-डी(आर एम) 74-75/आर एम-7/863]

ORDER

New Delhi, the 24th November, 1976

S.O. 4798.—M/s. Bengal Tools Ltd., 251/1, Nagendra Nath Road, Dum Dum, Calcutta-28, were granted Import Licence No. P/D/2201199 dated 7-8-75 for Rs. 1,00,000 for import of Raw Material and Components.

2. The firm have now requested for the issue of duplicate copies of Exchange Control and Customs Purpose Copies of the abovementioned import licence on the ground that both the original copies have been lost without having been utilised and registered with the Custom House, Calcutta.

3. In support of their contention, the applicant have filed an affidavit, as required in para 320, of the I.T.C. Hand Book of Rules and Procedure, 1976-77. The undersigned is satisfied that the original Exchange Control and Customs Copies of Import Licence No. P/D/2201199 dated 7-8-75 have been lost and directs that duplicate copies of Exchange Control and Customs Copies of the licence, should be issued to the applicant. The original Exchange Control and Customs Copies of the licence, if found, will be forwarded to this office for cancellation.

4. The duplicate copies of Exchange Control and Customs Copies of the import licence are being issued separately.

[File No. Tools/56-D(RM) 74-75/RM. VII/863]

आदेश

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 1976

का० आ० 4799.—श्री आर० वी० एस० राणावत, 3 गार्डस (राजराईफ) द्वारा 56 ए० पी० ओ० को सामान्य मुद्रा क्षेत्र के अन्तर्गत एक ·22 बोर राइफल का आयात करने के लिए 735 रुपए के लिए एक सीमाशुल्क निकासी परमिट संख्या पी/जे/3035888/एम/एम एन/40/एच/35-36/ए एम एस, दिनांक 25-7-1973 प्रदान किया गया था । उन्होंने सीमाशुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमाशुल्क निकासी परमिट खो गया/अस्थानस्थ हो गया है । लाइसेंसधारी ने आगे यह सूचित किया है कि सीमाशुल्क निकासी परमिट किसी भी सीमाशुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराए बिना अस्थानस्थ हो गया/खो गया है और उसका बिल्कुल ही उपयोग नहीं किया गया है ।

2. अपने तर्क के समर्थन में, आवेदक ने एक शपथ पत्र दाखिल किया है । अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि मूल सीमाशुल्क निकासी परमिट सं० पी/जे/3035888 दिनांक 25-7-1973 अस्थानस्थ हो गया/खो गया है और निदेश देता है कि उपर्युक्त सीमाशुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति आवेदक को जारी की जानी चाहिए । मूल सीमाशुल्क निकासी परमिट रद्द किया जाता है । सीमाशुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति अलग से जारी की जा रही है ।

[संख्या 314-4/आर-191/ए एम-73/ए० एल० एस०/951]

ORDER

New Delhi, the 9th December, 1976

S.O. 4799.—Shri R. V. S. Ranawat, 3, Guards (Raj. Rif.) c/o 56 A.P.O. was granted C.C.P. No. P/J/3035886/N/MN/48/H/35-36/ALS dated 25-7-1973 for Rs. 735 under G.C.A. for import of one .22 bore rifle. He has requested for issue of duplicate copy of the C.C.P. on the ground that original C.C.P. has been lost/misplaced by him. It has further been reported by the licensee that the C.C.P. has been misplaced/lost without having been registered with any Custom Authority and that the same has not been utilised at all.

2. In support of his contention, the applicant has filed an affidavit. The undersigned is satisfied that the original C.C.P. No. P/J/3035888 dated 25-7-1973 has been misplaced/lost and directs that duplicate copy of the said C.C.P. should be issued to him. The original C.C.P. is cancelled. Duplicate copy of the C.C.P. is being issued separately.

[No. 314-IV/R-191/AM-73/ALS/951]

आदेश

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर, 1976

का० आ० 4800—श्री रवीन्द्र कुमार जेटली, 30/34, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 को औद्योगिक सिलाई मशीनरी के आयात के लिए 1,06,890 रुपए के लिए आयात लाइसेंस सं० पी/सी/जी/2070809/एन/एम एन/61/एच/43-44 दिनांक 30-10-76 प्रदान किया गया था । उन्होंने आयात लाइसेंस (मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति के साथ) की अनुलिपि प्रति के लिए आवेदन किया है, क्योंकि मूल आयात लाइसेंस खो गया है । आगे यह कहा गया है कि मूल सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति किसी सीमा-शुल्क कार्यालय में पंजीकृत नहीं थी और उसका उपयोग नहीं किया गया था ।

2. अपने तर्क के समर्थन में श्री रवीन्दर कुमार जेटली ने एक शपथ-पत्र दाखिल किया है । उन्होंने यह वचन दिया है कि बाद में यदि आयात लाइसेंस मिल जाएगा तो इस कार्यालय को रिकार्ड के लिए लौटा देंगे । मैं सन्तुष्ट हूं कि मूल आयात लाइसेंस संख्या पी/सी/जी/2070809/एन/एम एन/61 एच/43-44 दिनांक 30-10-76 खो गया है और निदेश देता हूं कि एक अनुलिपि लाइसेंस (मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति के साथ) उन्हें जारी किया जाना चाहिए । मूल आयात लाइसेंस को रद्द किया गया समझा जाए ।

3. उक्त लाइसेंस (मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रयोजन प्रति के साथ) की एक अनुलिपि प्रति लाइसेंसधारी को अलग से जारी की जा रही है ।

[संख्या 47/आई एन एस ए/76-77/बी एल एस/2647]

एच० एल० बहल, उप-मुख्य नियंत्रक

ORDER

New Delhi, the 10th December, 1976

S.O. 4800.—Mr. Ravinder Kumar Jaitli, 30/34, West Patel Nagar, New Delhi-110008 was granted Import Licence No. P/CG/2070809/N/MN/61/H/43-44 dated 30-10-76 for Rs. 1,06,890 for import of Industrial Sewing Machinery has applied for a duplicate copy of the Import Licence (with Exchange Control Purposes Copy) as the original Import Licence has been lost. It is further stated that the original Import Licence was not registered with any Customs House and utilised.

2. In support of this contention Mr. Ravinder Kumar Jaitli has filed an affidavit. He has undertaken to return the Import Licence if traced later to this office for record. I am satisfied that the original, Import Licence No. P/CG/2070809/N/MN/61/H/43-44 dated 30-10-76 has been lost and direct that a duplicate Import Licence (with Exchange Control Purposes Copy) should be issued to him. The original Import Licence may be treated as cancelled.

3. A duplicate copy of the said licence (with Exchange Control Purposes Copy) is being issued separately to the licensee.

[No. 47/INSA/76-77/BLS/2647]
H. L. BAHL, Dy. Chief Controller.

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 1976

रद्द करने का आदेश

का० आ० 4801—परियोजना अधिकारी इन्डो-जर्मन कृषि विकास परियोजना, मंडी (हिमाचल प्रदेश) को ऊर्वरक इत्यादि का आयात करने के लिए 14,07,064 रुपये के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के लिए आयात सीमाशुल्क निकासी परमिट संख्या जी/जे/2337347, दिनांक 2 जनवरी, 1969

प्रदान किया गया था जो जारी होने की तारीख से चार माह के लिए वैध था एवं पहले ही पोतलदान किए गए/पहुंचे हुए माल के लिए भी वैध था । उन्होंने उक्त सीमा शुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि वह सीमा शुल्क सदन, बम्बई में खो गया/अस्थानस्थ हो गया है । आयात व्यापार नियंत्रण नियमों के अनुसार परियोजना ने एक आवश्यक शपथ-पत्र दाखिल किया है जिसके अनुसार उक्त सीमा शुल्क निकासी परमिट किसी भी सीमा शुल्क सदन पर पंजीकृत नहीं कराया गया है और कुछ भी उपयोग में लाया गया है । उन्होंने यह भी वचन दिया है कि मूल सीमाशुल्क निकासी परमिट बाद में खोजे जाने पर अथवा मिल जाने पर जारी करने वाले प्राधिकारी को वापस कर दिया जाएगा ।

मैं सन्तुष्ट हूं कि मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट माल की सूची के साथ-2 खो गया/अस्थानस्थ हो गया है तथा निदेश देता हूं कि आवेदक को सीमाशुल्क निकासी परमिट की एक अनुलिपि प्रति जारी की जानी चाहिए । एतद्द्वारा मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट रद्द की जाती है ।

[मिसिल सं० 4/ए० जी०-100/68-69/एमएलI/875]

सुरेन्द्र कुमार बत्ता, उप-मुख्य नियंत्रक

New Delhi, the 9th December, 1976

CANCELLATION ORDER

S.O. 4801.—The Project Officer, Indo-German Agricultural Development Project, Mandi (H.P.) were granted an import C.C.P. No. G/J/2337347 dated the 2nd January, 1969 for cif value of Rs. 14,07,064 for import of fertiliser etc. valid for four months from the date of issue and also valid for goods already shipped/arrived. They have now applied for issue of a duplicate copy of the aforesaid C.C.P. on the grounds that the same has been lost/misplaced at Customs House, Bombay. The Project have furnished the necessary declaration as per I.T.C. Rules according to which the aforesaid C.C.P. has not been registered with any custom house and not been utilised at all. They have also undertaken to return to the issuing authority the original C.C.P. if traced or found later on.

I am satisfied that the original C.C.P. along with the list of goods has been lost/misplaced and direct that a duplicate C.C.P. should be issued to the applicant. The original C.C.P. is hereby cancelled.

[File No. 4/AG-100/68-69/ML. I/875]

S. K. BATTA, Dy. Chief Controller.

आदेश

का० आ० 4802.—भण्डार नियंत्रक, उत्तरी रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली को प० जर्मनी से डिजल लोकोमोटिव के लिए फालतू पूर्जों का आयात करने के लिए 30,954 रुपए मात्र (तीस हजार नौ सौ चौवन रुपए) के लिए एक आयात लाइसेंस सं० जी/आर/2459285 दिनांक 27-1-76 प्रदान किया गया था । उन्होंने पूर्वोक्त लाइसेंस (दोनों प्रतियां) की अनुलिपि प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल आयात लाइसेंस किसी भी सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराए बिना खो गया/अस्थानस्थ हो गया है और उस लाइसेंस के मद्दे माल बम्बई पत्तन पर पहले ही पहुंच गया है । इसके समर्थन में आवेदक ने स्टाम्प कागज पर एक शपथ-पत्र दाखिल किया है । मैं सन्तुष्ट हूं कि पूर्वोक्त मूल आयात लाइसेंस खो गया है तथा आवेदक को उसकी दोनों अनुलिपि प्रतियां जारी की जानी चाहिएं ।

2. अद्यतन यथा संशोधित आयात व्यापार (नियंत्रण) आदेश सं० 17/55, दिनांक 7-12-1955 की धारा 9 (सीसी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारी का प्रयोग कर अधोहस्ताक्षरी आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची 30(एफ/2 के अन्तर्गत डीजल लोकोमोटिव के लिए फालतू पुर्जों के आयात के लिए भण्डार नियंत्रक, उत्तरी रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली के नाम से जारी किए गए आयात लाइसेंस सं० जी/आर/2459285, दिनांक 27-1-76 को रद्द करता है ।

[संख्या 197-सी/रेलवे-75-76/जीएलएस/241]

एल० प्रसाद, उप-मुख्य नियंत्रक

ORDER

S.O. 4802.—Controller of Stores, Northern Railway, Baroda House, New Delhi was granted an Import Licence No. G/R/2459285 dated 27-1-76 for Rs. 30,954 (Rupees thirty thousand nine hundred and fifty four) only for import of spare parts for diesel Locomotives from West Germany. He has applied for issue of a duplicate (both copies) import licence mentioned above on the ground that the original import licence has been lost/misplaced without having been registered with any Customs Authority and the material against the same has already been arrived at Bombay port. In support of this, the applicant has filed an affidavit on stamped paper. I am satisfied that the original import licence mentioned above has been lost and that both duplicate copies thereof should be issued to the applicant.

2. In exercise of powers conferred on me under Clause 9(cc) of the Import Trade (Control) Order No. 17/55 dated 7-12-1955 as amended from time to time the undersigned cancels the import licence No. G/R/2459285 dated 27-1-76 for the import of spare parts for diesel locomotives under ITC Schedule 30(F)/II issued in favour of Controller of Stores, Northern Railway, Baroda House, New Delhi.

[F. No. 197-C/Rly/75-76/GLS/941]

L. PRASAD, Dy. Chief Controller

नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर, 1976

का० आ० 4803.—बहु-एकक सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1942 (1942 का 6) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के भूतपूर्व उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (नागरिक पूर्ति तथा सहकारिता विभाग) की अधिसूचना संख्या एल-11011/49/75-विधि तथा प्रबन्ध तारीख 9 मार्च, 1976 को अधिक्रान्त करते हुए केन्द्रीय सरकार नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में मुख्य निदेशक श्री एन० कृष्णमूर्ति को सहकारी सोसाइटियों के केन्द्रीय रजिस्ट्रार के रूप में एतद्द्वारा नियुक्त करती है ।

[सं० एल०-11011/49/75-विधि तथा प्रबन्ध]

बी० एल० गर्ग, अवर सचिव

MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION

New Delhi, the 6th December, 1976

S.O. 4803.—In exercise of the powers conferred by Sub-Section (1) of Section 4 of the Multi-Unit Cooperative Societies Act, 1942 (VI of 1942) and in supersession of the Notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Industry and Civil Supplies (Department of Civil Supplies and Cooperation) No. L-11011/49/75-L&M dated 9-3-1976, the Central Government hereby appoint Shri N. Krishnamurthi, Chief Director in the Ministry of Civil Supplies and Cooperation, as the Central Registrar of Cooperative Societies.

[No. L-11011/49/75-L&M]

B. L. GARG, Under Secy.

(औद्योगिक विकास विभाग)

(भारतीय मानक संस्था)

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर, 1976

का० आ० 4804.—समय समय पर संशोधित भारतीय मानक संस्था (प्रमाणन चिह्न) विनियम 1955 के विनियम 14 के उपविनियम (4)

के अनुसार भारतीय मानक संस्था द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि जिस लाइसेंस के ब्यौरे नीचे अनुसूची में दिए गए हैं, लाइसेंसधारी के अनुरोध पर 31 जुलाई 1976 से रद्द कर दिया गया है ।

अनुसूची

लाइसेंस संख्या और तिथि	लाइसेंसधारी का नाम और पता	रद्द किए गए लाइसेंस के अधीन वस्तु/प्रक्रिया	तत्संबंधी भारतीय मानक
